संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व
रायपुर–छत्तीसगढ़
दूरभाष : 0771–2537404, टेलीफैक्स 0771–2234731 ई–मेल : deptt_culture@yahoo.co.in
वेबसाइट : www.cgculture.in

क्रमांक 69 / रसायन– 129 / 2020 रायपुर, दिनांक 7 / 1 / 2021

निविदा आमंत्रण सूचना

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर के अंतर्गत **स्वास्तिक विहार सिरपुर जिला महासमुंद** के रसायनिक संरक्षण कार्य हेतु रसायन सामग्री क्रय करने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं सामग्री की सूची का विस्तृत विवरण संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर में निविदा प्रपत्र "ब" प्राप्त कर दिनांक 21 / 01 / 2021 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 28 / 01 / 2021 को सांयकाल 5.00 बजे तक रखी जाती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 29 / 01 / 2021 को दोपहर 12.00 बजे समिति के समक्ष खोला जावेगा।

क.	कार्य का विवरण	सामग्री की कीमत	अमानत राशि	सामग्री प्रदाय करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	**स्वास्तिक विहार सिरपुर जिला महासमुंद** के रसायनिक संरक्षण कार्य हेतु रसायन सामग्री क्रय करने बाबत्।	2,96,676 /–	6,000 /–	15 दिवस	रू.750 /–

निविदा की शर्तें :–

01. निविदा प्रपत्र केवल फिशर / मर्क / एस.डी.फाईन / वेकर कंपनी द्वारा अधिकृत फर्मों को प्रदाय किया जावेगा। साथ में कंपनी द्वारा अधिकृत किये गये प्रमाण पत्र की छायाप्रति तथा पंजीयन की फोटोकापी लगाना आवश्यक होगा।
02. निविदा की दरें कार्यालय द्वारा दिये गये विहित प्रपत्र में ही भरकर जमा करना होगा।
03. निविदा प्रपत्र केवल स्पीड पोस्ट / रजिस्टड डाक से ही निर्धारित तिथि एवं समय पर जमा कराना होगा।
04. समस्त सामग्री आदेश प्राप्ति के 15 दिवस के अंदर निश्चित रूप से संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व, महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, रायपुर में प्रदाय करनी होगी जिसका अलग से कोई किराया नहीं दिया जायेगा। समय–सीमा में सामग्री प्रदाय न

करने की स्थिति में फर्म क्षतिपूर्ति की उत्तरदायी होगी। सामग्री प्रदाय करने के लिए कोई अग्रिम देय नहीं होगा।

05. दरें कंपनी की वर्तमान में प्रचलित प्राईज लिस्ट से अधिक नहीं होनी चाहिए।
06. अमानत राशि संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर के नाम से बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक के रूप में जमा करना होगा।
07. निविदा प्रपत्र उपर्युक्त दर्शायी गई तिथि एवं समय में राशि रू .750/– मात्र नगद जमाकर प्राप्त किया जा सकता है, जो वापसी योग्य नहीं होगी।
08. मुहर बंद लिफाफे के ऊपर कार्य के नाम का उल्लेख किया जाना आवश्यक है।
09. निविदाकर्ता द्वारा दी गई दरें 31 मार्च 2021 तक प्रभावशील रहेगी तथा दर्शायी गई दरें सभी अधिरोपित करों सहित होगी।
10. बिना कारण बताये निविदाओं को स्वीकृत या अस्वीकृत करने, एवं सामग्री आवश्यकतानुसार कम या अधिक क्रय करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। रसायन सामग्री उच्च गुणवत्ता वाली एवं सील बंद युक्त ही होना चाहिए।
11. विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर से संपर्क किया जा सकता है।
12. किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति में संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर (छत्तीसगढ) का निर्णय सर्वमान्य होगा। और न्यायलयीन प्रकरण की स्थिति में रायपुर न्यायालय क्षेत्र में होगा।

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्व